## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा को आर.डी.जी के मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर आर.डी.जी को लेकर राजनीति करने का लगाया आरोप।
- भाजपा ने केन्द्र की ओर से प्रदेश के साथ भेदभाव के कांग्रेस के आरोपों को नकारा।
- श्रम कानूनों की अनदेखी और न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर 102 व 108 एम्बुलेंस कर्मियों की हड़ताल आज तीसरे दिन भी रही जारी।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा को राजस्व घाटा अनुदान के मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। सिरमौर ज़िले के सराहां में आज एक जनसभा में उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान सरकार का नहीं बल्कि प्रदेश के लोगों का अधिकार है और वर्तमान राज्य सरकार लोगों के हित की लड़ाई लड़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेताओं को प्रधानमंत्री से मिलकर इसे बहाल करवाने का आग्रह करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर यशवंत सिंह परमार के समय से प्रदेश को राजस्व घाटा अनुदान मिलता रहा लेकिन 16वें वित्तायोग ने 77 वर्ष पुरानी इस व्यवस्था को खत्म कर दिया है। इस बीच मुख्यमंत्री ने सराहां में आज करीब 32 करोड़ रूपये की लागत की 7 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान भी इस दौरान मौजूद रहे।

## जयराम ठाकुर

दूसरी ओर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर आर.डी.जी को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया है। कांगड़ा प्रवास के पहले दिन ज्वालाजी में आज उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भलीभांति जानते हैं कि आर.डी.जी एक स्थाई व्यवस्था नहीं थी और 14वें वित्त आयोग के समय से ही इसे धीरे–धीरे कम करने के संकेत दे दिए गए थे। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी सरकार ने पिछले तीन वर्षों में राज्य के निजी संसाधनों से आय बढ़ाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री बिना किसी रोडमैप के प्रदेश को 2027 तक आत्मनिर्भर और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने के हवाई दावे कर रहे हैं जो पूरी तरह से विरोधाभासी और हास्यास्पद है।

## बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार को जन–कल्याणकारी योजनाएं बंद करने की बजाय फिजूलखर्ची रोकने की सलाह दी है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने कई जन–कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी हैं। बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने प्रदेश के साथ कोई भेदभाव नहीं किया है, बल्कि पूर्व सरकार की तुलना में अधिक राशि दी है।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने आज सोलन ज़िले के कथेड़ में निर्माणाधीन अस्पताल के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने के कहा कि 200 बिस्तर की क्षमता वाले इस बहुउद्देशीय अस्पताल में अत्याधुनिक विशेषज्ञ सुविधाओं के साथ–साथ क्रिटिकल केयर सेंटर भी निर्मित किया जा रहा है। शांडिल ने कहा कि इस अस्पताल के निर्माण में धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और इस संबंध में मुख्यमंत्री ने भी उचित दिशा–निर्देश दिए हैं।

## भेंट

राज्य सभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने दोनों केन्द्रीय मंत्रियों से केन्द्र के सहयोग से प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। सिकंदर कुमार ने केन्द्रीय मंत्रियों से बजट में प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भरपूर सहयोग और आवश्यक वित्तीय सहायता देने के लिए आभार जताया।

**अनुराग ठाकुर**

सांसद अनुराग ठाकुर ने केन्द्रीय बजट को किसानों को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय को एक लाख 30 हज़ार करोड़ रूपये आबंटित किए गए हैं और ये बजट किसानों की आय की रक्षा के साथ–साथ भविष्य में खेती व किसानी को बल देने में कारगर सिद्ध होगा।

**यातायात**

शिमला शहर में यातायात को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए शहर को विभिन्न सैक्टरों में बांटा गया है। इसके अलावा महत्वपूर्ण यातायात प्वाइंट और प्रमुख चौराहों की पहचान की गई है। शिमला पुलिस ने यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए नागरिकों से मोबाइल नम्बर 8894728001 पर सुझाव भेजने का आग्रह किया है।

**प्रदर्शन**

प्रदेश में 102 और 108 एम्बुलेंस सेवा से जुड़े कर्मियों की हड़ताल आज तीसरे दिन भी जारी रही। ये कर्मी न्यूनतम वेतन देने सहित श्रम कानूनों की अनदेखी के आरोप लगा रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें न तो न्यूनतम वेतन मिल रहा है और न ही ओवर टाइम का भुगतान किया जा रहा है। एम्बुलेंस कर्मियों ने सोमवार 16 फरवरी को शिमला में विशाल प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

**शिवरात्रि**

अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में भाग लेने के लिए मंडी जनपद के आराध्य बड़ा कमरूनाग देव आज मंडी पहुंचे। राज माधो राय मंदिर में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने उनका स्वागत किया और पूजा–अर्चना की। उपायुक्त ने कहा कि बड़ा देव कमरूनाग के आगमन के साथ ही शिवरात्रि महोत्सव में पारम्परिक धार्मिक अनुष्ठानों की शुरूआत हो जाती है। इस वर्ष मंडी शिवरात्रि महोत्सव 16 से 22 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

**आम सभा**

शिमला ज़िला सर्व अध्यापक संघ की महत्वपूर्ण आम सभा आज शिमला में हुई जिसमे कई मुद्दों पर चर्चा की गई। ज़िला लैक्चरर एसोसिएशन के प्रधान दविन्द्र लकटू की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चयनित विद्यालयों को सी.बी.एस.ई से संबद्ध करने के निर्णय के बाद अलग सी.बी.एस.ई कैडर बनाने का प्रावधान शिक्षकों में असंतोष और असुरक्षा की भावना पैदा कर रहा है। बैठक में ये मुद्दो में प्रमुखता से उठाया गया कि वर्षों के अनुभवी शिक्षकों को सी.बी.एस.ई विद्यालयों में जाने के लिए दोबारा परीक्षा देना अनिवार्य किया गया है जो उनके लंबे अनुभव पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

**हादसा**

किन्नौर जिले में निचार उपमंडल के तहत जानी संपर्क मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

**भर्ती**

भारतीय सेना में अग्निवीर स्कीम के तहत 2027 के लिए शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर के युवाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीदवार एक अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय शिमला के निदेशक कर्नल मनीष सिंह ने बताया कि भर्ती को लेकर अधिक जानकारी सेना की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एन.आई.सी डॉट इन से ली जा सकती है।

**अपील**

सिरमौर जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से शिवरात्रि के दिन शिरगुल स्थली चूड़धार न जाने की अपील की है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए चूड़धार यात्रा पर एक दिसंबर से अप्रैल माह तक रोक लगाई गई है। जिला उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने कहा कि चूड़धार घाटी में अभी भी 6 फीट से अधिक बर्फ जमी हुई है। ऐसे में इस क्षेत्र में सफर करना खतरे से खाली नहीं है।